एकल सेवा पोर्टल पर आवेदक घर बैठकर कर सकेगा आवेदन

कलेक्टर ने रेवा शक्ति अभियान, हद्य अभियान और एकल सेवा पोर्टल के संबंध में आयोजित की प्रेसवार्ता

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला प्रशासन के नवाचार रेवा शक्ति, हृदय अभियान एवं एकल सेवा पोर्टल के संबंध में प्रेस कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कान्फ्रेंस में कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा नवाचार कर जिले में रेवा शक्ति, हृदय अभियान एवं एकल सेवा पोर्टल का संचालन किया जायेगा। इस हेतु रेवा शक्ति, हृदय अभियान एवं एकल सेवा पोर्टल का शुभारंभ केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के मुख्य आतिथ्य में गुरूवार को किया जायेगा।

इस दौरान कलेक्टर ने बताया कि रेवा शक्ति अभियान का उद्देश्य बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत जिले में घटते लिंगानुपात में वृद्धि हेतु एक एवं दो बालिका वाले परिवारों को प्रशासन एवं जन सहयोग से विशेष लाभ प्रदान करना। इस अभियान का नाम प्रदेश की जीवनदायिनी नदी मां नर्मदा के नाम पर रेवा शक्ति अभियान रखा गया है। इस अभियान का उद्देश्य बेटियों के जन्म को एक उपलब्धि / उत्सव के रूप में मनाना है। बेटियों के पालको के प्रति सम्मान का भाव एवं बेटियों के प्रति सकारात्मक विचार हेतु समुदाय को प्रेरित करना है।

उन्होंने बताया कि जिले का लिंगानुपात 887 है, जो कि प्रदेश के अन्य जिलों की तुलना में अत्याधिक कम है। इस अभियान के तहत सिर्फ एक या दो बालिका वाले परिवार का चिन्हांकन, चिन्हित परिवारों का पोर्टल पर ऑनलाईन पंजीयन, पंजीकृत परिवारों को कीर्ति कार्ड उपलब्ध कराना,कीर्ति कार्ड धारको को विशेष सुविधाएँ उपलब्ध कराना, डॉटर्स क्लब की स्थापना,रेवा मित्र के रूप में निजी सेवा प्रदाताओं का पंजीयन, रेवा मित्र प्रतिष्ठानो व संस्थाओं पर विशेष बोर्ड अंकित करना है। उन्होंने बताया कि कीर्ति कार्ड हेतु जिलें में एक एवं दो बालिका वाले कुल 11417 परिवारों को चिन्हित किया गया है। सभी पंजीकृत परिवारों को कीर्ति कार्ड प्रदान कर चिन्हित निजि प्रतिष्ठानों पर विशेष छूट, निजी स्कूल, कॉलेज शुल्क मॅविशेष छूट, कोचिंग संस्थान में शुल्क में छूट, निजी बसों में किराये में छूट, निजी अस्पतालों में इलाज में विशेष छूट, पर्यटन स्थलों पर विशेष छूट, होटल-रेस्टोरेंट में विशेष छूट, जनसुनवाई में क्यूलेस आवेदन, शासकीय कार्यालयों में प्राथमिकता हेतु सुविधाऐं प्रदान की जायेंगी।

मृत्यु दर कम शुरू किया हद्य अभियान :

स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा का संयुक्त हृदय अभियान जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण तथा शैक्षिक सेवाओं के अंतर्गत मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु के आंकड़ों में कमी लाने और कुपोषण को कम करने के लिये एक साथ अभियान संचालित किया जायेगा। अभियान के अंतर्गत 1007 गर्भवती महिलाओं का पंजीयन और स्वास्थ्य जांच किया गया जिसमें 3600 हाईरिक्स महिलाओं को चिन्हाकन किया गया। इसी प्रकार 8400 बच्चों का कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन तथा 6200 शाला त्यागी बच्चों का चिन्हांकन किया गया है जिसमें से करीब दो हजार बच्चों को मुख्याधारा से जोडा गया। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत कुल 8469 अति कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन किया गया।

घर बैठे दर्ज करा सकते है शिकायत:

प्रेस वार्ता के दौरान कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया कि एकल सेवा पोर्टल एक एकीकृत तथा उपयोगकर्ता के अनुकूल प्रणाली प्रदान करता है। जहाँ नागरिक संबंधित सरकारी विभागों को व्यक्तिगत अथवा सामूहिक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस पोर्टल का उद्देश्य सार्वजनिक सेवा वितरण में दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि कार्यालयों में उपस्थित होकर आवेदन देना आवेदकों का विभिन्न कार्यालय में आने में समय एवं धन की बर्बादी होती है। योजनाओं एवं पात्रता की जानकारी का अभाव कुछ नागरिक शासन की विभिन्न योजनाओं/पात्रता/आवश्यक दस्तावेज की जानकारी के अभाव के कारण आसानी से लाभ नहीं ले पाते है। आवेदनों के मैन्युअल तरीके से निराकरण के कारण प्रक्रिया में अधिक समय लगता है। उन्होंने उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आवेदन की स्थिति का पता न चलना नागरिक अपने आवेदनों की स्थिति/प्रगति की जानकारी आसानी से नहीं मिल पाती थी। वहीं प्रतिदिन 24 घंटे अनुरोध दर्ज करने की सुविधा, सुरक्षित एवं पारदर्शी तरीके से सेवाएँ प्रदान करना, पात्र व्यक्ति को योजनाओं/सेवाओं का लाभ पंहुचाने का सरल माध्यम ,नागरिकों एवं शासकीय कार्यालयों हेतु केन्द्रीयकृत डिजिटल प्लेटफार्म तथा सुव्यवस्थित तरीके से आवेदनों का निराकरण तथा आवेदन की स्थिति जानने की सुविधा होगी। पोर्टल के माध्यम से घर बैठे समाधान सिंगल विंडो प्लेटफार्म (आवेदक एक ही पोर्टल का उपयोग कर विभिन्न कार्यालयों को घर बैठे ही आवेदन कर सकता है। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं/पात्रता/आवश्यक दस्तावेज की जानकारी प्राप्त कर योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन कर सकते हैं।

पुलिस गिरफ्त में आया बाइक से पैसे चुराने वाला आरोपी

मौका देखकर उड़ा लिए थे 50 हजार रुपये

सीसीटीव्ही फुटेज से आरोपी तक पहुंची पुलिस

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। कोतवाली पुलिस ने विगत 2 सितंबर को हुई चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस इस आरोपी सीसीटीव्ही फुटेज की मद्द से पहुंची और उसकी पहचान हो सकी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार लिया। कोतवाली थाना प्रभारी रवि प्रताप चौहान ने बताया कि महावीर रघुवंशी ने बैंक ऑफ इंडिया से 50 हजार रुपए निकाले थे। उन्होंने पैसे अपनी बाइक की डिग्गी में रखे और रघुवंशी गली में एक बर्तन की दुकान पर रुक गए। इसी दौरान मौका पाकर आरोपी डिग्गी से नकदी चोरी करके फरार हो गया। वहीं उन्हें जब जानकारी लगी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू की और आसपास के सीसीटीवी कैमरे देखे। इनमें आरोपी की पहचान महेश सिसोदिया (25), निवासी ग्राम हालखेड़ी, जिला राजगढ़ के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपी को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई और बुधवार को पुलिस टीम ने आरोपी महेश को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से चोरी किए गए पूरे 50 हजार रुपए बरामद करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

किसानों को दिया जाए बर्बाद फसलों का उचित मुआवजा

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। किसानो की समस्याओं को लेकर कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ द्वारा एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सौंपा गया। जिसमें कृषि एवं ग्रामीण मजदूर महासंघ सबंद्ध भारतीय मजदूर संघ द्वारा बताया गया कि अधिक वर्षा हो जाने के कारण किसानों की फसल नष्ट हो चुकी है परंतु किसानों को फसल बीमा का पैसा अभी तक नहीं मिला है अगर मिला है तो कम मात्रा में मिला है।

धान उत्पादक किसानों को फसल बीमा कंपनी नहीं देती है, धान की खेती करने वाले किसानों को भी बीमा मिलना चाहिए संपूर्ण किसानों को फसल बीमा मिले आदि मांगे रखी। इसके अलावा फसल नष्ट हो जाने के कारण कम मात्रा में किसानों को मुआवजा मिला है, किसानों को इतना मुआवजा मिले कि वह अगली खेती कर सके। वहीं किसानों को समय पर नामांतरण नहीं किया जाए, जिससे की वह तहसील के चक्कर न काटे। साथ ही वर्षो से शासकीय कार्यालयो में एक ही जगह पर पदस्थ लेखपाल (बाबूओं) का स्थानांतरण किया जाए, जिससे की गरीब किसान और मजदूरों का काम अधिक पारदर्शा में और समय पर हो सके। वहीं किसानों को खाद्य समय पर नहीं मिल रहा है पांच-पांच दिन लाइन में लगे रहना पड़ता है किसानों को पर्याप्त मात्रा में समय पर खाद दिलाए जाने की मांग की गई। इसके अलावा लहार विधानसभा में खाद वितरण के दौरान किसानों पर लाठियां बरसाई गई है उस घटनाक्रम की जांच कर दोषियों पर उचित से उचित कार्रवाई की जाने सबंधी मांग की गई। इस मौके पर भारतीय मजदूरी संघ के जिला मंत्री हरि सिंह रघुवंशी (हैरी), जिलाध्यक्ष भगवान सिंह कटारिया आदि मौजूद थे।

खाद वितरण में लापरवाही बरतने वाले तीन अधिकारियों को नोटिस जारी

अशोकनगर। कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा जिला प्रबंधक एमपी एग्रो इण्डस्ट्रीज लिमिटेड किरण भदकारिया तथा रंजीत कुमार तिवारी सहायक ग्रेड-3 कार्यालय एमपी एग्रो इण्डस्ट्रीज लिमिटेड को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है।

उल्लेखनीय है कि 9 सितम्बर 2025 को कार्यालय एमपी एग्रो में उर्वरक वितरण केन्द्र पर डीएपी के अग्रिम उठाव हेतु कृषक पहुंचे, परन्तु आपका स्टॉफ अनुपस्थित था एवं उर्वरक वितरण का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, जबकि संस्था के पास 112.50 मै.टन डीएपी उर्वरक की उपलब्धता आईएफएमएस पोर्टल पर प्रदर्शित हो रही है, उर्वरक उपलब्ध होने के बाद भी उर्वरक वितरण न करने से कृषकों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड रहा है तथा उर्वरक वितरण व्यवस्था आपके द्वारा सुचारू रूप से संचालित नहीं की जा रही है जो कि अत्यंत खेदजनक है।

शौक बैठक

1 जनवरी 1932 — 5 सितंबर 2025

वरिष्ठ समाजसेवी श्री मौजीलाल साद

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि अशोक साद, शरद साद,अनिल साद एवं विमला के पिता श्री मौजीलाल साद का देवलोक गमन दिनांक 5 सितंबर 2025 को हो गया है शौक बैठक गुरुवार 11 सितंबर 2025 समय 3.00 बजे निज निवास बुनकर कालौनी थाने के पीछे रखी गई है

शौकाकुल अशोक कुमार साद शरद साद अनिल साद एवं समस्त साद परिवार, चंदेरी जिला अशोक नगर

मो. 8770789702, 7974256732, 7000510952

उज्ज्वल भविष्य की बुनियाद गढ़ती शिक्षा

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

7832 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण

सेनिटेशन एवं हाइजीन हेतु 20 लाख से अधिक बालिकाओं को ₹61 करोड़ से अधिक की राशि का अंतरण

मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा

11 सितम्बर 2025 । पूर्वाह्न 11:00 बजे
कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार, भोपाल

वर्ष 2022 से संचालित योजना के तहत माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को पेट्रोल स्कूटी के लिए ₹ 90 हजार तथा ई-स्कूटी के लिए ₹ 1.20 लाख की राशि प्रदान की जाती है

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

D11097/25